प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 25 दिसम्बर, 2024 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर राज भवन के दरबार हॉल में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा-सुमन अर्पित की।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों से भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। अटल जी के आदर्श सदैव सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।